भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 196

08.12.2022 को उत्तर के लिए

भौगोलिक सूचना प्रणाली का पूरा सेट

196. श्री एस. कल्याणसुन्दरम :
श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला :
श्री आर. गिरिराजन :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) एप्लिकेशन जैसे कार्य योजना, वन्यजीव गलियारा मानचित्रण, सामाजिक वानिकी आदि के एक पूर्ण सेट को होस्ट करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग) इस मंत्रालय ने परिवेश, ई-ग्रीन वाच और वन अग्नि जियो पोर्टल जैसे वेब आधारित भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) एप्लिकेशन विकसित किए हैं। परिवेश पोर्टल (प्रो-एक्टिव एंड रिस्पॉसिव फैसिलिटेशन बाइ इंटरैक्टिव वर्चुअस एंड एन्वायरमेंटल सिंगल-विंडो हब), प्रस्तावकों द्वारा केंद्रीय सरकार से पर्यावरण, वन, वन्यजीव और तटीय विनियमन ज़ोन संबंधी स्वीकृतियां प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण और अनुवीक्षण के लिए एकल-खिड़की एकीकृत पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली है। यह एक जीआईएस आधारित प्रणाली और विश्लेषणात्मक व्यवस्था है जो निर्णय समर्थन प्रणाली की कार्यशीलता का उपयोग करके विभिन्न हितधारकों को सूचना प्रदान करती है।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय का ई-ग्रीन वाच पोर्टल, काम्पा निधि के तहत किए जाने वाले पौधरोपणों और अन्य वानिकी संबंधी कार्यों से संबंधित प्रक्रियाओं के स्वचालन को सुविधाजनक बनाने, उन्हें सरल एवं सुगम बनाने तथा उनके प्रभावी प्रबंधन के लिए अभिकल्पित उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्था है। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), राज्य वन विभागों द्वारा ई-ग्रीन वाच पोर्टल पर अपलोड किए गए विभिन्न पौधरोपणों संबंधी भू-स्थानिक आंकड़ों (बहुभुज) का उनके स्थान, क्षेत्र और रोपण वर्ष की स्टीकता का निर्धारण करने के लिए विश्लेषण करता है।

भारतीय वन सर्वेक्षण ने निकट वास्तविक-समय के आधार पर व्यापक पैमाने पर लगने वाली वनाग्नि की सतत निगरानी करने और उनका पता लगाने के लिए वनाग्नि संबंधी आंकड़ों का, प्रयोक्ता-अनुकूल विधि से प्रतिक्रियात्मक अवलोकन उपलब्ध कराने के लिए वन अग्नि जियो-पोर्टल भी विकसित किया है। वन अग्नि जियो-पोर्टल, भारत में वनाग्नि से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने के लिए एकमात्र स्रोत के रूप में कार्य करता है।

****